वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 154 शुक्रवार 27 सितम्बर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# चिकित्सा मंत्री ने किया टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 का शुभारम्भ

## तम्बाकू एवं नशा मुक्ति की दिलाई शपथ, राजस्थान को बनाएं तंबाकू मुक्त प्रदेशः चिकित्सा मंत्री




जयपुर. शाबाश इंडिया

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने गुरुवार को दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेशभर में टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 का शुभारम्भ किया। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को तम्बाकू एवं नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। उन्होंने सभी से तम्बाकू की रोकथाम करने में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए और राजस्थान तम्बाकू मुक्त प्रदेश बनाने में सहयोग की अपील की। इस इस अवसर पर उन्होंने तंबाकू टोबैको फ्री यूथ कैंपेन के पोस्टर का भी विमोचन किया। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में युवा एक लीडर के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। आज का भारतीय युवा विश्व भर में हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को जीत सकता है। लेकिन उसे भी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक है। किशोर- किशोरियां फिल्में देखकर धूम्रपान को स्टेटस सिंबल मानने लगा है, यह सही नहीं है। युवाओं को तंबाकू की लत को छोड़ने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है और हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम इस अभियान के माध्यम से युवाओं को तंबाकू उपयोग न करने और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देकर तंबाकू मुक्त प्रदेश बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि प्रदेश में तंबाकू नियंत्रण एवं जनजागरूकता की दिशा में प्रभावी प्रयास निरंतर जारी हैं। तम्बाकू नियंत्रण एवं रोकथाम की दिशा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर टोबेको कंट्रोल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत जन-जागरूकता के साथ तम्बाकू नियंत्रण के नियमों की प्राथमिकता से पालना करवाई जाएगी। मुझे विश्वास है कि सभी एकजुट होकर तम्बाकू मुक्त प्रदेश तथा आयुष्मान राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि तम्बाकू सेवन एवं नशीले पदार्थों के सेवन से कैंसर, अस्थमा, हृदय, रोग, टीबी आदि भयावह रोग होने की संभावना होती है। प्रतिवर्ष भारत में लगभग 13 लाख 50 हजार और इसी प्रकार राज्य में भी लगभग 200 लोगों की मृत्यु प्रतिदिन तम्बाकू जनित रोगों से हो जाती है। यह बेहद चिंता का विषय है। टोबेको उपयोग दर में कमी लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि बड़ी संख्या में बच्चे एवं युवा तंबाकू की लत का शिकार हो रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण भारत में टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन प्रारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि तंबाकू की लत से पीड़ित नवयुवकों को तम्बाकू विमुक्त एवं नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने हेतु स्वयंसेवी संस्थाओं व जनसहभागिता से सामूहिक प्रयासों को और बढ़ाया जाएगा। मिशन निदेशक एनएचएम भारती दीक्षित ने टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के संबंध में जनजागृति, तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान, तंबाकू मुक्त ग्राम बनाने, तंबाकू नियंत्रण अधिनियमों की पालना एवं सोशल मीडिया द्वारा जागरूकता जैसी विभिन्न गतिविधियां प्रत्येक स्तर पर आयोजित की जाएगी उन्होंने बताया कि इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा एक डैशबोर्ड भी तैयार किया गया है, जिसके तहत इन गतिविधियों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। निदेशक आईईसी शाहीन अली खान ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ रवि प्रकाश माथुर ने स्वागत उद्बोधन देते हुए अभियान के मुख्य बिंदुओं से अवगत कराया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त फूड सेफ्टी पंकज ओझा, निदेशक आरसीएच डॉ सुनीत राणावत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## जिला स्तरीय टीमों का आमुखीकरण




राज्य नोडल अधिकारी राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ डॉ. एसएन धौलपुरिया ने बताया कि शुभारम्भ कार्यक्रम से पूर्व प्रातः तकनीकी सत्र में जिला स्तरीय टीमों का टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 की कार्ययोजना के संबंध में ओरिएंटेशन प्रदान किया गया है। साथ ही राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन में मेडिकल विंग के सचिव डॉ. बनारसी लाल शाह ने नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की। तम्बाकू नियंत्रण पर मोटिवेशनल फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। एसएमएस मेडिकल कॉलेज में ईएनटी विभाग के प्रो. पवन सिंघल ने तम्बाकू एक मानव त्रासदी- कारगर उपायों एवं रणनीतियों पर प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

# तेजी से पैर पसार रहा है कोविड का नया वैरिएंट

कोविड-19 का एक नया वैरिएंट देशभर में तेजी से फैल रहा है, जिससे स्वास्थ्य अधिकारियों और विशेषज्ञों के बीच चिंता बढ़ गई है। इस नए वैरिएंट की पहचान "Covid XEC" के नाम से की गई है, जो पिछले वैरिएंट्स की तुलना में अधिक संक्रामक बताया जा रहा है।विशेषज्ञों का कहना है कि इस वैरिएंट में मौजूद उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) इसे मानव प्रतिरक्षा प्रणाली को चकमा देने में सक्षम बना सकता है, जिससे पहले ली गई वैक्सीन की प्रभावशीलता कम हो सकती है। हालांकि, अभी तक गंभीर मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं देखी गई है, लेकिन संक्रमण की गति चिंताजनक है।स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वह स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है और सभी राज्यों को सतर्क रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। देश के प्रमुख अस्पतालों में कोविड बेड्स की संख्या बढ़ाई जा रही है, और टीकाकरण अभियान में भी तेजी लाई जा रही है।डॉक्टरों ने लोगों से अपील की है कि वे मास्क का नियमित रूप से उपयोग करें, सामाजिक दूरी का पालन करें और भीड़-भाड़ वाले स्थानों से बचें। जिन लोगों ने अभी तक बूस्टर डोज़ नहीं ली है, उन्हें जल्द से जल्द टीकाकरण करवाने की सलाह दी गई है।विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने भी इस नए वैरिएंट पर गहरी चिंता जताई है और दुनिया भर के देशों को इसके खिलाफ पहले से तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। **-संकलन, डा पीयूष त्रिवेदी**

# लिटिल फ्लावर विद्यालय 12 के. डब्ल्यू. डी. के छः खिलाड़ियों का हुआ राज्य स्तर पर चयन



**नरेश सिगची. शाबाश इंडिया**

रावतसर। स्थानीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल लिटिल फ्लावर शि. सं . सी. सै. विद्यालय से चार छात्राओं साक्षी शर्मा , सूचना कुंवर , गरिमा पूनिया व मनीषा तथा दो छात्रों साहिल व तक्ष्य ने जिला स्तर पर आयोजित 14 , 17 व 19 वर्षीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त कर राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए । डायरेक्टर पी. डी. शर्मा ने बताया कि लिटिल फ्लावर शि. सं. सी. सै. स्कूल में चल रहे 19 वर्षीय छात्रा राज्य स्तरीय पूर्व प्रशिक्षण से तीन सदस्य दल सुनील कुमार , शारीरिक शिक्षिका सोनिया व विकाश कुमार के नेतृत्व में हनुमानगढ़ की टीम जोधपुर के लिए रवाना हुई । जो वहां 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने वाली राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर लिटिल फ्लावर परिवार ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

# भारतीय जैन मिलन द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन 2 अक्टूबर को



**अशोकनगर. शाबाश इंडिया।** भगवान महावीर स्वामी के 2550 वें निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में विश्व शान्ति का सन्देश देने हेतू 02 अक्टूबर गांधी जयन्ती बुधवार को शहर में एक मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है।इसके मुख्य अतिथि कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन होंगे। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मैराथन की आवश्यक तैयारी के लिए श्री पार्श्वनाथ धर्मशाला में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिए गए की मैराथन को प्रातः 6.30 बजे दिगम्बर जैन मंदिर सुभाष गंज से मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। मैराथन में सहभागिता करने वालों के पंजीयन सुबह 5:45 बजे किये जावेंगे शुरू के 100 पंजीयन करने वालों को प्राथमिकता से टी शर्ट प्रदान की जाएगी। मैराथन में 15 बर्ष से ऊपर वर्ग के महिला- पुरूष भाग ले सकेंगे। दोनों वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3100 रुपये, द्वितीय पुरुस्कार में 2100 रुपये व तृतीय पुरुस्कार में 1100 रुपये नगद प्रदान किये जाएंगे। इसके अलावा 07 सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किये जावेंगे। मैराथन दौड़ का रूट जैन मंदिर सुभाष गंज जैन मंदिर से शुरू होकर गांधी पार्क ओवरब्रिज से पछाडी खेड़ा रोड, राणा शशिन्द्र चौराहे से घूमकर वापिस उसी रूट से सुभाषगंज जैन मंदिर पर समापन होगा। मैराथन आयोजनकर्ता समिति में नरेश जैन संयोजक,कोषाध्यक्ष सुनील धन्नू, जैन मिलन सेंट्रल के अध्यक्ष वीरेन्द्र जैन अथाईखेड़ा मंत्री सुनील जैन बेलई, जैन मिलन के मंत्री मनीष सिंघई, अंचल जैन,सुयोग जैन, नवीन जैन शिक्षक, प्रमोद जैन रिटायर्ड शिक्षक महेन्द्र जैन कडेसरा ऑफिसियल सहयोगी के रूप में अरुण रघुवंशी खेल अधिकारी खेल एवं युवक कल्याण विभाग, अवधेश शर्मा पूर्व खेल अधिकारी शिक्षा विभाग ,वरिष्ठ व्यायाम निर्देशक प्रहलाद श्रीवास्तव, शशिकांत भार्गव, नोडल अधिकारी श्रीमति हर्षा झारिया, कृष्णवीर यादव, ब्रजेश अहिरवार, मोन्टी गोस्वामी, सतेंद्र सेन रहेंगे। आयोजन समिति ने जिले के समस्त खेल प्रशिक्षक, वरिष्ठ खिलाड़ी ,खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता व सहयोग करने की अपील की है ।




।। देवाधिदेव श्री 1008 आदिनाथाय नमः।।







अर्हं योग प्रणेता

# मुनिश्री 108 प्रणम्य सागर जी महाराज ससंघ

के पावन सान्निध्य में जयपुर शहर में पहली बार

## श्री दिगम्बर जैन नसियाँ भट्टारक जी नसियाँ प्रांगण में

दोनो दिन प्रात: 6.15 बजे से 9.45 बजे तक

दिनांक 3 अक्टूबर, 2024

## भगवान मुनिसुव्रतनाथ विधान

दिनांक 4 अक्टूबर, 2024

## वर्धमान स्त्रोत विधान

प्रतिदिन - प्रात: 8.15 बजे से गुरुदेव का मंगल प्रवचन

विशेष... विधान में बैठने वाले महानुभावों शुद्ध भोजन की व्यवस्था रहेगी।

विधान में बैठने वाले महानुभावों की संख्या समिति है।
अपना रजिस्ट्रेशन आज ही - अभी ही करवायें

संयोजक : रमेश बोहरा 98280 26629 • मनोज झांझरी 98290 63426
पदम बिलाला 93140-24888 • मनीष बैद 94140-16808

## श्री मुनिसंघ सेवा समिति जयपुर

(बापू नगर जैन समाज द्वारा संचालित)

सुधान्शु कासलीवाल
परम संरक्षक

उमरावमल संघी
परम संरक्षक

ईजी.प्रदीप कुमार जैन
मुख्य समन्वयक

| अध्यक्ष | कार्याध्यक्ष | महामंत्री | कोषाध्यक्ष |
|---|---|---|---|
| • राजीव जैन गाजियाबाद | • सुरेन्द्र कुमार मोदी | • नवीन संघी | • संजय पाटनी |
| 94140-54571 | 86969 79825 | 93149-66771 | 93527 22022 |

एवं समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री मुनिसंघ सेवा समिति, जयपुर

: मुख्य संयोजक :
अतुल सौगानी 98292 89000
आलोक जैन 94140 70741
बापू नगर

अर्हं चातुर्मास समिति, जयपुर-2024
प्रबन्धकारिणी समिति
श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर
मीरा मार्ग, मानसरोवर, जयपुर
सुशील पहाड़िया (अध्यक्ष) 99285-57000
राजेन्द्र सेठी (मंत्री) 93149-16778
समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यगण
एवं
आदिनाथ महिला मण्डल, मीरा मार्ग, मानसरोवर, जयपुर

## वेद ज्ञान

### भय से व्यक्ति हमेशा उलझन में रहता है

मनुष्य को पूजा-पाठ, यज्ञ-अनुष्ठान जीवन को नियमित, व्यवस्थित तथा संयमित करने के लिए करना चाहिए, न कि किसी चमत्कार के लिए। बहुत से लोग यह कहते सुने जाते हैं कि बहुत दिनों से धार्मिक कार्य कर रहे हैं ताकि भगवान प्रकट हो जाएं और उनसे अपनी समस्या बताकर उसके समाधान का वरदान प्राप्त किया जाए। धर्म-ग्रंथों की कथाओं में ऐसा सुनते-पढ़ते यह दिमाग में बैठ गया है कि तपस्या आदि से भगवान एकाएक आकाश से अपने वाहन पर बैठकर आएंगे तथा कहेंगे- वत्स, वरदान मांगो। जबकि ऐसा कुछ नहीं होने पर निराशा होती है और भगवान की सत्ता, मान्यता पर अविश्वास होने लगता है। धर्मग्रंथों की कथाओं पर अगर ध्यान दिया जाए तो इस तरह की भ्रांति नहीं होगी। जप-तप से नकारात्मकता दूर होती है, आत्मबल मजबूत होता है। सच कहा जाए तो आत्मबल ही भगवान है। आत्मबल सत्य-आचरण से ही संभव है। जबकि गलत कामों से भय उत्पन्न होता है। भय व्यक्ति को इतना कमजोर बना देता है कि वह हमेशा संशय तथा उलझन में रहता है। फिर कोई काम सुचारू रूप से नहीं हो पाता है। जीवनचर्या बाधित होती है। जिस प्रकार से बादलों से घिरे सूरज से प्रकाश नहीं मिलता, उसी प्रकार दुगुर्णों से घिरे मन से ऊर्जावान विचार नहीं जन्म लेंगे। जब संकल्प ही कमजोर होगा तब कार्य उसी प्रकार कमजोर होगा जैसे नींव कमजोर होने पर भवन मजबूत नहीं बन सकता। भगवान की पूजा करते समय उन सद्गुणों को अपनाने पर जोर देना चाहिए जो मनुष्य से देवता बनाने की राह पर ले जाए। यदि गहराई से देखा जाए तो ईश्वरीय कृपा निरंतर बरस रही है। उसे महसूस एवं आत्मसात करने की जरूरत है। पानी बरस रहा हो और घड़ा उल्टा रखा गया हो तो उसमें जल-संग्रह नहीं हो पाएगा। भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेकर राजगद्दी या वनवास, दोनों हालत में समभाव रखते ही हर व्यक्ति के आसपास तदनुरूप तरंगें आने लगेंगी। जबकि तनाव, क्षोभ, निराशा में हानिकारक तरंगें शरीर में प्रवेश करेंगी। अतः जीवन तथा हालात को कोसने के बजाय हंसते-मुस्कुराते समय व्यतीत करना चाहिए, क्योंकि रोते हालत में काम बनने के बजाय और बिगड़ जाएगा।

## संपादकीय

# भारत ने हमेशा संयम दिखाया...

पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत और चीन के रिश्तों में निरंतर उतार-चढ़ाव एक जगजाहिर हकीकत है। भारत ने अपनी ओर से किसी भी समस्या के हल के लिए हमेशा सकारात्मक रुख दिखाया, मगर भारत के कदमों पर चीन की प्रतिक्रिया उत्साहजनक नहीं रही। आमतौर पर चीन ने अपनी ताकत और धौंस दिखाई है। हालांकि भारत ने हर स्थिति में संयमित प्रतिक्रिया दी और सिर्फ इस वजह से दक्षिण एशिया का यह समूचा क्षेत्र फिलहाल शांत दिखता है। मगर इसका मतलब यह नहीं है कि भारत के पास असीमित संयम है। समस्याओं का हल निकालने के चीन के आश्वासन के प्रति भारत के लिए पूरी तरह निश्चिंत होना मुश्किल रहा है। हालांकि संबंधों में सुधार को लेकर भारत ने हमेशा ही उत्सुकता दिखाई है, लेकिन कई बार हकीकत को लंबे समय तक नजरअंदाज करना संभव नहीं हो पाता है। शायद यही वजह है कि भारत के विदेश मंत्री ने न्यूयार्क में हुए एक कार्यक्रम में स्पष्ट तौर पर कहा कि मौजूदा समय में दोनों देशों के बीच संबंध 'काफी बिगड़े हुए' हैं। लंबे समय से संबंधों को संभालने की एकतरफा कोशिश के बाद भारत की ओर से यह एक तरह से हकीकत का बयान है कि इस मामले में पिछले चार-पांच वर्षों में चीन का रवैया क्या रहा है। वह वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य गतिविधियों के जरिए



उकसाने का मुद्दा हो या फिर अरुणाचल प्रदेश को लेकर किए गए दावों के जरिए अनुचित दखल का सवाल, चीन ने आए दिन अपनी चालबाजियों के जरिए अपना असली चेहरा दिखाया है। शांति और सहजता कायम रखने का भरोसा देने के कुछ ही दिन बाद उसकी ओर से कोई न कोई ऐसी हरकत की जाती है, जो किसी भी संप्रभु देश की सीमा में नाहक दखल ही है। सवाल है कि अगर भारत अपनी ओर से संयम और धैर्य का परिचय न दे तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसे हालात पैदा हो सकते हैं! यह छिपा नहीं है कि चीन अक्सर नाहक ही सीमा पर अनुचित गतिविधियों के जरिए भारत को भड़काने की कोशिश करता रहा है, मगर भारत ने 2020 में गलवान में इसका ठोस जवाब देने के अलावा अब तक अपनी प्रतिक्रिया को नियंत्रित ही रखा है, ताकि हालात और न बिगड़े। भारत के इस संयम को अगर चीन इसकी कमजोरी के तौर पर देखता है, तो यह उसकी भूल है। विदेश मंत्री ने भी इसे अपने वक्तव्य में रेखांकित किया है कि भारत और चीन के रिश्ते एशिया के भविष्य के लिए महत्त्वपूर्ण हैं और न केवल इस महाद्वीप को, बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित करेंगे। साथ ही, अगर दुनिया को बहु-ध्रुवीय होना है, तो एशिया को भी बहु-ध्रुवीय होना होगा। मौजूदा विश्व में कोई भी देश अपने आर्थिक-सामरिक बल के बूते एक-ध्रुवीय भू-राजनीति का केंद्र बनना चाहता है, तो यह उसकी खामखयाली साबित होगी, क्योंकि वक्त के साथ अलग-अलग देशों की बहुस्तरीय क्षमताओं में व्यापक बदलाव हुआ है।

-राकेश जैन गोदिका

## परिदृश्य

# मेक इन इंडिया अभियान

मेक इन इंडिया अभियान के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री ने उसकी सफलता का जो उल्लेख किया, उससे असहमत तो नहीं हुआ जा सकता, लेकिन यह आभास किया जाए तो बेहतर कि इस पहल को और अधिक सफल बनाया जा सकता था। इस अभियान ने कई उल्लेखनीय सफलताएं हासिल की हैं, जैसे दस वर्ष पहले देश में मोबाइल फोन बनाने वाली केवल दो कंपनियां थीं। आज उनकी संख्या बढ़कर दो सौ के करीब हो गई है। इसके चलते भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निमार्ता देश बन गया है। पहले केवल 1,556 करोड़ रुपये के मोबाइल फोन निर्यात होते थे। अब 1.2 लाख करोड़ रुपये के मोबाइल निर्यात हो रहे हैं और देश में प्रयोग होने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल मेक इन इंडिया हैं। इसी तरह फिनिश्ड स्टील के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। खिलौनों के निर्माण में भी भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है और अब उनका आयात घटकर आधा रह गया है। यह भी महत्वपूर्ण है कि देश में सेमीकंडक्टर के निर्माण के लिए जिस तरह डेढ़ लाख करोड़ का निवेश हुआ है, उससे पांच प्लांट लगने जा रहे हैं, जो प्रतिदिन सात करोड़ चिप बनाएंगे। भारत नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन में अब दुनिया में चौथे नंबर पर है और देश का ईवी उद्योग अब तीन अरब डालर तक पहुंच गया है। रक्षा क्षेत्र भी मेक इन इंडिया की सफलता की कहानी कहता है। देश का रक्षा निर्यात 21 हजार करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है और अगले पांच वर्षों में इसे बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा गया है। आज भारत कई देशों को रक्षा सामग्री का निर्यात कर रहा है। यह कहा जा सकता है कि मेक इन इंडिया अभियान ने रक्षा क्षेत्र की तस्वीर बदलने का काम किया है। ऐसी ही तस्वीर अन्य क्षेत्रों में भी बदलनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। यह एक तथ्य है कि तमाम




प्रयासों के बाद भी चीन से होने वाला आयात कम नहीं हो रहा है। तमाम ऐसी वस्तुएं चीन से मंगाई जा रही हैं जिनका निर्माण भारत में किया जा सकता है। एक समस्या यह भी है कि चीन से तमाम कल-पुर्जे मंगाकर उन्हें देश में असेंबल कर कई तरह के उपकरण बनाए जा रहे हैं। समझना कठिन है कि भारतीय उद्योगपति वह सब देश में क्यों नहीं बना सकते, जिसके निर्माण की संभावनाएं देश में हैं। इनमें से कुछ वस्तुएं तो ऐसी हैं, जो पहले भारत में बनती भी थीं। एक ओर जहां देश के उद्योगपतियों को कमर कसनी होगी, वहीं दूसरी ओर सरकार को भी यह देखना होगा कि हमारे उद्योगपति चीनी कारोबारियों का मुकाबला करने में क्यों हिचक रहे हैं और उनकी क्या समस्याएं हैं? कुल मिलाकर मेक इन इंडिया अभियान कुछ हद तो सफल है, लेकिन अभी बहुत कुछ हासिल किया जाना है।

# रामगंजमंडी नगर के भक्तों को आचार्य श्री विमर्श सागर महाराज की चरण वंदना एवं पद प्रक्षालन का मिला सौभाग्य

**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया**



परम पूज्य आचार्य श्री 108 विमर्शसागर महाराज के दर्शन हेतु रामगंजमंडी का भक्त समूह कृष्णा नगर दिल्ली पहुंचा और गुरुदेव की आशीष प्राप्त की गुरुदेव ने रामगंजमंडी नगर को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया एवं इस अवसर पर रामगंजमंडी में नगर के भक्तों को आचार्य श्री के पद प्रक्षालन के साथ-साथ उन्हें शास्त्र भेंट करने का भी परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। भक्त समूह में दिलीप कुमार विनायका, अरुणविनायका, रमेश विनायका, अभिषेक लुहाड़िया ललिता विनायका, सुलोचना लुहाड़िया, सुनीता विनायका आदि सम्मिलित रहे।इस अवसर पर उन्होंने गुरुदेव के समक्ष जमकर भक्ति की एवं गुरुदेव का पूजन भी किया।इस अवसर पर कृष्णा नगर कमेटी द्वारा रामगंज मंडी के भक्त समूह का शाल दुपट्टा माला पहना कर अभिनंदन किया। आचार्य श्री ने रामगंज मंडी नगर को बहुत- बहुत आशीर्वाद प्रदान किया एवं 2004 में किए गए चातुर्मास की स्मृति को भी सांझा किया उन्होंने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि व्यक्ति आत्मा से परमात्मा बन सकता है लेकिन भगवान की भक्ति में आनंद आए ऐसी प्यास बनना बनना चाहिए कि मैं भगवान बनना चाहता हूं।ऐसी साधना करो आपका मन अपने आप में निराकुल हो हम लोग माया में आनंद मना रहे है।संसार चक्र की ओर अपना ध्यान आकर्षित करते हुए गुरुदेव ने कहा कि संसार में संकलेशवाद के अलावा कुछ भी हासिल नहीं होता भगवान के प्रति सच्ची भक्ति सच्ची आस्था जागृत करो भगवान के गुणों में अनुराग प्राप्त करो तब आपकी जीवन में नई शुरूआत होगी और तभी दुखों से मुक्ति मिलेगी। आज के वर्तमान परिपेक्ष पर मानव की दशा को बताते हुए गुरुदेव ने कहा कि आदमी जी रहा है पर भय के साथ जी रहा है कदम कदम आदमी के भय बना हुआ है भगवान की भक्ति से ही वह अपने आप को निर्भय बना सकता है आत्मा के अनंत सुखों की पहचान करो। उन्होंने कहा कि अपने आप को धर्म त्याग और नियम के क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहिए यही अपने लिए हितकारी और गुणकारी होता है। मानव अपने अंदर यह चिंतवन कर ले तो बदलाव लाएगा तो इस भव के साथ पर भव भी हितकारी होगा।

-अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी की रिपोर्ट

# मदभागवत कथा तत्व रुप में भगवान का दर्शन करना है: साध्वी स्वाति भारती जी

## समाज के उत्थान हेतु हो रही श्री मदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आज तृतीय दिवस

**निवाई. शाबाश इंडिया**



दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में 22 सितम्बर से 28 सितम्बर 2024 तक निवाई में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आज कथा के तृतीय दिवस में ध्रुव प्रसंग वराह अवतार नरसिंह अवतार आदि प्रसंगों का मार्मिक वाचन किया गया। सर्व श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी स्वाति भारती जी ने विज्ञान व अध्यात्म के समन्वय पर बल दिया।संस्थान के पदाधिकारी गोपाल लाल गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को कथा से पूर्व जैन समाज के मंत्री महावीर प्रसाद पराणा व्यापार मंडल संरक्षक ताराचंद बोहरा जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं राकेश संघी एवं समाजसेवी ताराचंद गोयल उधोगपति शिवरतन दरगड़ चेतन जैन कृषि मण्डी सेक्रेटरी कमल किशोर सोनी वैध प्रहलाद गोत्तम एवं लोकेश वर्मा ने भगवान राम जी एवं भगवान विष्णु जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान साध्वी स्वाति भारती ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया कि श्रीमद्भागवत महापुराण में ज्ञानं निःश्रेयसार्थाय पुरुषस्य आत्मदर्शनं और श्रीमदभगवत गीता में इसे ही अध्यात्म ज्ञान नित्यत्वम्‌तत्व ज्ञानार्थ दर्शनं कहा गयो अतः सभी शास्त्र- ग्रंथों के अनुसार अध्यात्म का वास्तविक अर्थ तत्व रूप से भगवान-का दर्शन करना है। भगवद्गीता में भगवान श्री कृष्ण व कूर्म पुराण में माँ ने इसी दिव्य दृष्टि द्वारा अर्जुन एवं हिमवान को अपने वास्तविक रूप का दर्शन करवायो उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि जैसे एक छोटी सी माइक्रोचिप में हजारों गीगाबाइट डाटा को इकट्ठा किया जाता है,ऐसे ही परमात्मा और उसका ऐश्वर्य हमारे इस शरीर में समाया है जरुरत है तो बस अध्यात्म विज्ञानी सतगुरु के पास जाकर उसे डिकोड करने की विधि जानने की। सर्व श्री आशुतोष महाराज जी की कृपा से आज अनेकों श्रद्धालुओं ने उस परमात्मा का अपनी देह के भीतर ही दर्शन किया है। और ये सब दिव्य चक्षु द्वारा ही संभव है। कथा पंडाल में आयोजित होली महोत्सव की छटा देखते ही बनती थी। भक्तिपूर्ण रचनाओं द्वारा जनमानस ने प्रभु श्री कृष्ण के स्नेहिल रंगों से स्वयं को सराबोर किया।

# मानवता का बीज बोने के लिए अहिंसा धर्म का पालन अत्यावश्यक : गुरुमां विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी राजस्थान की पावन धरा पर अद्वितीय द्वितीय चातुर्मास 2024 के अंतर्गत परम पूज्य गुरुमां विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में आज की अतिशयकारी प्रतिक जैन सेठी ने बताया की श्री शांतिनाथ भगवान की शांतिधारा करने का सौभाग्य सुमत जैन, राकेश जैन, नरेंद्र जैन,प्रदीप जैन देवेंद्र नगर वालों ने प्राप्त किया। इसी के साथ प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य राजकुमार जैन मुंगावली संतोष शाह सोलापुर वालों ने प्राप्त किया। भक्तों का लगाव इस क्षेत्र के प्रति बढ़ रहा है। प्रतिक जैन सेठी ने बताया कि निरंतर चल रही भक्तामर दीपार्चना करने का सौभाग्य एम.एल.जैन मणि सपरिवार दुगार्पुरा जयपुर वालों ने प्राप्त किया। चौमूंबाग जैन समाज से पधारे हुए श्रावक श्रेष्ठियों ने पूज्य गुरुमां की आहारचर्या कराने का सौभाग्य प्राप्त किया। पूज्य माताजी ने श्रावकों को संबोधन करते हुए कहां कि अहिंसा धर्म का पालन करना हर प्राणी का कर्तव्य है। इससे प्राणी मात्र के अंदर वात्सल्य भावना का उद्गम होता है। मानवता का बीज बोने के लिए अहिंसा धर्म का पालन अत्यंत आवश्यक है। विज्ञातीर्थ क्षेत्र का निर्माण आप सबके सहयोग से जल्द ही विकास को प्राप्त होगा।

# धर्म इस भव के साथ-साथ अगले भव भी साथ चलता है : आर्यिका श्री पवित्रमति माता जी

**सुरेश चंद्र गांधी. शाबाश इंडिया**



नौगामा जिला बांसवाड़ा। नौगामा परम पूज्य आर्यिका श्री पवित्र मति माताजी के मंगल चातुर्मास के तहत आज वागड़ के बड़े बाबा आदिनाथ भगवान नेमिनाथ भगवान 1008 भगवान महावीर संमवशरण जी में माता जी के सानिध्य में शांति अभिषेक हुआ। अभिषेक के पश्चात माताजी का मंगल प्रवचन चातुर्मास पंडाल में हुआ। माताजी द्वारा प्रश्नोत्तरी मालिक, एवं सहस्त्रनाम का अध्ययन करवा रहे हैं। इस अवसर पर अपने प्रवचन में कहा कि घर परिवार में किसी की मृत्यु होती है तो पत्नी चौखट तक, बेटा मरघट, तक परंतु व्यक्ति ने अच्छे कर्म और धर्म किया है तो धर्म अगले भव तक भी चलेगा हमें अपने इस समय मनुष्य अवतार मिला है इस मनुष्य भव में अच्छे कर्म करना है चाहिए साथ में कोई नहीं आता अच्छे और बुरे कर्म ही साथ में आते हैं इसलिए हमें धर्म करना चाहिए, आज परम पूज्य माता जी के आशीर्वाद प्राप्त कर नौगामा नगर में 10 लक्षण धर्म में 10 दिनों में जो शिवरार्थी एवं 5,10,16 उपवास करने वाले बंधुओ द्वारा परम पूज्य विज्ञान मति माता जी का आशीर्वाद प्राप्त करने खाडू कॉलोनी गए जहां पर माता जी को श्रीफल चढाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। माताजी ने कहां की नौगामा नगर में विराजमान माताजी को हमारा आशीर्वाद एवं समस्त दिगंबर जैन समाज नौगामा को भी हमारा आशीर्वाद। इस अवसर पर पंडित रमेश चंद्र गांधी, गिरीश शाह, उत्सव गांधी ने नौगामा नगर में 10 लक्षण धर्म व्रत उपवास जो नौगामा नगर में हुए उनकी जानकारी दी ।

# डॉ संजीव सराफ लगातार तीसरी बार पुरुस्कृत



**सागर. शाबाश इंडिया।** डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा-2024 अंतर्गत आयोजित समापन समारोह पर डॉ संजीव सराफ को आशु भाषण प्रतियोगिता में लगातार तीसरे वर्ष भी पुरुस्कार मिला है।रंगनाथन भवन स्थित सभागार में माननीया कुलपति महोदया की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में आपको पुरुस्कृत किया गया और प्रतीक चिन्ह और नगद राशि प्रदान की गई। इससे उपलब्धि पर अनेक शिक्षाविद्, पत्रकार, समाजसेवियों ने बधाई दी।

# दुनिया के प्रमुख सांस्कृतिक केंद्रों में शामिल हुआ "नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर"

## जापानी मैगजीन "मैडम फिगारो" ने एनएमएसीसी को दुनिया के बेहतरीन कल्चरल सेंटर्स की लिस्ट में जगह दी



**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया।** प्रतिष्ठित इंटरनेशनल जापानी मैगजीन "मैडम फिगारो" ने मुंबई के "नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर" (एनएमएसीसी) को दुनिया के बेहतरीन कल्चरल सेंटर्स की लिस्ट में जगह दी है। यह पहला मौका है जब भारत के किसी कल्चरल सेंटर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। देश के सबसे बड़े कला केंद्रों में से एक, इस सेंटर को भारतीय संस्कृति के अनुरूप कमल के आकार में डिजाइन किया गया है। एनएमएसीसी मुंबई शहर के बांद्रा कुर्ला में स्थित है। मैडम फिगारो मैगजीन लिखती है कि "दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कला को भारत में लाने और भारत की सर्वश्रेष्ठ कला को दुनिया में ले जाने के विजन के तहत एनएमएसीसी की स्थापना नीता मुकेश अंबानी द्वारा 2023 में की गई थी। यह कला केंद्र भारत के कला परिदृश्य को बदल रहा है।" इस लिस्ट में न्यूयॉर्क का रिचर्ड गिल्डर सेंटर, लॉस एंजेलिस का इंट्यूट डोम, एम्स्टर्डम की डेड एंड गैलरी, हांगकांग का सोथबायस मैसन, बैंकॉक से बैंकॉक आर्ट बिएननेल और बर्लिन से डार्क मैटर भी शामिल हैं। रिलायंस फाउंडेशन की चेयरमैन नीता अंबानी द्वारा परिकल्पित इस सेंटर का उद्देश्य भारत की समृद्ध कला, संस्कृति और विरासत को संरक्षित करना और बढ़ावा देना है।

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज के प्रवचन से...

**कुलचाराम, हैदराबाद. शाबाश इंडिया**



जिंदगी किसी का साथ नहीं देती..
तुम्हारा साथ भी नहीं देगी..!

इस सच्चाई को देखो -- समझो और यकीन करो। परन्तु इंसान को यह सच्चाई कब और कैसे दिखेगी- ? जब दिल पर कोई चोट लगेगी, और भीतर की आँख खुलेगी तब दिखेगी। समय जिस का साथ देता है, वह बड़ो बड़ो को मात देता है। अमीर के घर पर बैठा हुआ कौआ भी सबको मोर लगता है, और गरीब का भूखा बच्चा भी सबको चोर लगता है। इंसान की अच्छाई पर सब खामोश रहते हैं। चर्चा अगर उसकी बुराई पर हो, तो गूंगे भी बोल पड़ते हैं। वैसे भी इंसान 3 तरह के होते हैं पके हुए फल की तरह..

एक तो नरम हो जाता है।
दूसरा वह मीठा हो जाता है।
तीसरा उसका रंग बदल जाता है।
इसी तरह से अच्छे परिपक्व व्यक्ति की भी 3 पहचान होती है।
पहली उसमें विनम्रता होगी।
दूसरी वाणी मधुर होगी।
तीसरी उसके साथ आत्मविश्वास का रंग होगा।
जिसके पास आत्मविश्वास का रंग है,
उसके जीने का ढंग अलग है..
नहीं तो सब बे ढंग है।


-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।

# मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज ससंघ ने श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन पल्लीवाल मंदिर शक्तिनगर में किए दर्शन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज ससंघ त्रिवेणी नगर से विहार करते हुए बुधवार प्रातः श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन पल्लीवाल मंदिर शक्तिनगर पहुंचे। गाजे बाजे के साथ शक्तिनगर के लोगो ने महाराज श्री की भव्य अगवानी की। मंदिर अध्यक्ष शिखर चंद जैन, मंत्री पारस गहनौली और समाज सेवी राजकुमार बेद ने महाराज श्री का पाद प्रक्षालन कर उनका आशीर्वाद लिया। मंगलाचरण मीनू गंगवाल द्वारा किया गया। सुनीता अजमेरा और समस्त शक्ति नगर महिला मंडल ने महाराजश्री के शक्ति नगर जैन मंदिर दर्शन के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया।

# राजस्थान प्रदेश वैश्य महासभा की मीटिंग में कई मुद्दों पर चर्चा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान प्रदेश वैश्य महासभा की मीटिंग विद्याधर नगर स्थित दाना पानी रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। इस मौके पर मीटिंग में समाज को एकजुट कैसे रखा जाए, डायरेक्टरी विमोचन सहित कई मुद्दों पर चिंतन किया गया। जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता ने बताया कि मीटिंग में उपस्थित समाजबंधुओं ने समाज को एकजुट कैसे रखा जाए, डायरेक्टरी विमोचन, एकल रहे वृद्ध जनों की सुरक्षा, राजनीति में लगातार गिरते रहे स्तर को बढ़ाने, 31 दिसंबर तक वर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल की समाप्ति के अवसर समापन कार्यक्रम आयोजित करने,नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने, नए नेतृत्व को आगे लाने, आगामी दिनों में डायरेक्टरी का प्रकाशन एवं दीपावली के शुभ अवसर पर डांडिया कार्यक्रम आयोजित करने के




अलावा समाज के सभी घटकों में आपस में प्रेम सद्भावना और एकता लाने के लिए पुरजोर प्रयास करने का संकल्प लिया। इस मौके पर मीटिंग में बड़ी संख्या में मातृशक्ति के अलावा महिला अध्यक्ष प्रतिभा नारनौली, प्रदेश महामंत्री भवानी माहेश्वरी राजकुमार जैन, नथमल बंसल, विनोद गोयल, मनोज चोधरी, निशा कंदोई, ललिता कंदोई, नमिता जयपुरिया शुभ्रा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# विद्याधर नगर स्टेडियम में होने वाली राम कथा में त्रिवेणी संगम के जल से निकलेगी कलश यात्रा...

### छोटी काशी स्थित विद्याधर नगर स्टेडियम में 7 से 15 नवंबर तक होगी रामकथा, पद्मविभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य करवाएंगे श्रोताओं को कथा का रसपान, 6 नवंबर को निकलेगी शाही लवाजमे के साथ भव्य कलश यात्रा



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्रीबालाजी गौशाला संस्थान, सालासर के सान्निध्य में और विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति जयपुर के तत्वावधान में विद्याधर नगर स्टेडियम में 7 से 15 नवंबर तक दोपहर 2 बजे से नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। पद्मविभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज श्रोताओं को रामकथा का रसास्वादन करवाएंगे। विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति के सचिव एडवोकेट अनिल संत ने बताया कि जयपुर पहुंचने पर महाराज का एयरपोर्ट से कथा स्थल तक भव्य स्वागत किया जाएगा। कलश यात्रा में रामभद्राचार्य के आशीर्वाद से जगह-जगह होगी पुष्प वर्षा। एयरपोर्ट से विद्याधर नगर तक के मार्ग में सौ तोरण-द्वार बनाए जाएंगे। मार्ग में महाराज से हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी।

**त्रिवेणी संगम के जल से निकलेगी कलश यात्रा...**

विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति के सचिव एडवोकेट अनिल संत ने बताया कि 6 नवंबर को शाही लवाजमे और बैंडबाजे के साथ प्रयागराज स्थित त्रिवेणी संगम के जल से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में 51 सौ महिलाएं पारंपरिक परिधान में त्रिवेणी संगम के जल से भरे कलश को सिर पर धारण कर चलेंगी। कलश यात्रा क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होते हुए कथास्थल पहुंचेगी। कलशयात्रा का मार्ग में अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा।

**स्टेज होगा श्रीराम मंदिर का प्रतिरूप...**

कार्यक्रम संयोजक राजन शर्मा ने बताया कि महाराज की कथा के लिए बनने वाला स्टेज अयोध्या के श्रीराम मंदिर का प्रतिरूप होगा। स्टेज को बंगाल के कारीगर तैयार करेंगे। संपूर्ण भारत के साधु-संतों को कथा में आने का निमंत्रण दिया जा रहा है। प्रतिदिन करीब 50 हजार लोगों के कथा में आने की उम्मीद है। कथा श्रवण को आनेवाले श्रद्धालुओं का कथास्थल में प्रवेश पास के आधार पर निशुल्क होगा। इसके लिए विद्याधर नगर स्टेडियम में चार द्वार बनाए जाएंगे।

**जगद्गुरु ने की चार महाकाव्यों की रचना...**

गुरु रामभद्राचार्य चित्रकूट में रहते हैं। उनका वास्तविक नाम गिरधर मिश्रा है। वे एक विद्वान, शिक्षाविद् , बहुभाषाविद्, रचनाकार, प्रवचनकार, दार्शनिक और हिंदू धर्मगुरु हैं। वे रामानन्द संप्रदाय के मौजूदा चार जगद्गुरुओं में से एक हैं और इस पद पर 1988 से आसीन हैं। महाराज चित्रकूट में जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय के संस्थापक और आजीवन कुलाधिपति भी हैं। चित्रकूट में तुलसी पीठ की स्थापना का श्रेय भी इन्हें ही जाता है। इन्होंने दो संस्कृत और दो हिंदी में मिलाकर कुल चार महाकाव्यों की रचना की है। इन्हें भारत में तुलसीदास पर सबसे बेहतरीन विशेषज्ञों में गिना जाता है।

# जयपुर हाउस जैन मंदिर में हुआ मेडिटेशन गुरू उपाध्यायश्री ससंघ का मंगल प्रवेश



**आगरा. शाबाश इंडिया।** मेडिटेशन गुरू उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज एवं मुनिश्री विश्वसम्य सागर जी महाराज ससंघ नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से बैण्ड बाजों के साथ मंगल विहार कर जयपुर हाउस स्थित टीचर्स कॉलोनी के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर पहुंचे,जहां भक्तों ने उपाध्यायश्री का पाद प्रक्षालन एवं मंगल आरती कर भव्य स्वागत किया। उपाध्यायश्री ससंघ के मंदिर पहुंचकर मूलनायक भगवान शांतिनाथ एवं सभी प्रतिभाओं के दर्शन किए। इसके बाद भक्तों को उपाध्यायश्री की मंगल वाणी श्रवण करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान अवधपुरी सकल जैन समाज ने



उपाध्यायश्री के समक्ष श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया ।उपाध्याय श्री के मंगल प्रवेश में जैन युवा परिषद के सदस्य चल रहे थे। मीडिया प्रभारी शुभम जैन ने बताया कि उपाध्यायश्री विहसन्त सागर जी महाराज का मंगल विहार जयपुर हाउस जैन मंदिर से श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर कलाकुंज मारूति स्टेट के लिए होगा। इस अवसर पर मन्दिर के अध्यक्ष राकेश जैन परदेंवाले, दीपक जैन, सुबोध जैन अजय जैन, अजीत जैन, पंकज जैन, अरविंद जैन, नीरज जैन जिनवाणी चैनल,बॉबी जैन, प्रमोद जैन,नानकचंद जैन पांडया, अमित जैन सेठी,शुभम जैन, सरिता जैन, रश्मि जैन,समस्त जयपुर हाउस जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

दैनिक ई-पेपर
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# गुरुओं के सानिध्य से मोक्ष पथ की राह मिलती है: मुनि प्रणम्य सागर महाराज




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मुखारबिन्द से बुधवार को जनकपुरी के श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण का वाचन किया गया। इससे पूर्व मुनि श्री ससंघ का गाजो बाजों के साथ जनकपुरी जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ।इससे पूर्व मुनि श्री त्रिवेणी नगर दिगम्बर जैन मंदिर से मंगल विहार कर शक्ति नगर, महेश नगर के मंदिरों के दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए जनकपुरी पहुचे ।मार्ग में जगह जगह मुनि संघ की श्रद्धालुओं द्वारा भव्य अगवानी एवं पाद पक्षालन किये गये।जनकपुरी में 22 वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मंदिर होने के कारण श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर अध्यक्ष पदम चन्द बिलाला के नेतृत्व में मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज के 22 थालों में पाद पक्षालन किये गये। युवा मंच ने आरती उतारी।इस मौके पर आयोजित धर्म सभा में प्रियंका बिन्दायक्या ने मंगलाचरण किया।चित्र अनावरण व दीप प्रज्जवलन राज कुमार बाकलीवाल परिवार ने तथा मुनि श्री के पाद पक्षालन देवेन्द्र कासलीवाल परिवार ने किये। इस मौके पर मुनि श्री ने पारस पुराण कथा का वाचन करते हुए कहा कि हम देव शास्त्र गुरु की नित्य पूजा करते हैं पर यह नहीं जानते हैं कि तीनों एक ही है।गुरु ही शास्त्र को अपने अंतरंग में उतारकर अपनी चर्या का पालन करते हुए देव बनते हैं।हमें हमेशा गुरुओं की भक्ति एवं उनकी महिमा को समझना चाहिए। हमें नियम कानून पवित्रता को बढाने के लिए लगाना चाहिए। गुरुओं के सानिध्य में हमें मोक्ष पथ की विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इस मौके पर 2 अक्टूबर को मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में सवाई मान सिंह स्टेडियम पर होने वाले विशाल अर्हं ध्यान योग शिविर के बहुरंगीय पिंक पोस्टर का विमोचन किया गया।मीरा मार्ग के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया एवं मंत्री राजेन्द्र सेठी, पदम चन्द बिलाला आदि उपस्थित थे। इस मौके पर जवाहर नगर, बरकतनगर, मधुवन टौकफाटक, लालकोठी, के जैन समाज ने मुनि श्री को श्रीफल भेट किया ।मंच संचालन मनोज जैन ने किया।सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मुनि संघ को आहार के लिए पडगाहन किया। दोपहर में स्वाध्याय के बाद रेवाड़ी से आये हुए बच्चों का अभिनन्दन किया गया। सायंकाल आरती एवं गुरु भक्ति के आयोजन हुए।

## कलाकुंज जैन मंदिर में हुआ मेडिटेशन गुरू उपाध्यायश्री ससंघ का मंगल प्रवेश, भक्तों ने किया भव्य स्वागत



**आगरा. शाबाश इंडिया।** मेडिटेशन गुरू उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज एवं मुनिश्री विश्वसम्य सागर जी महाराज ससंघ आगरा के जयपुर हाउस स्थित टीचर्स कॉलोनी के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से 26 सितंबर को प्रातः7:00 बजे ढोल नागड़े के साथ मंगल विहार कर जयपुर हाउस चौराहा,प्रताप नगर,पांडव नगर,सी टीवी ऑफिस,मारुति स्टेट चौराहा होते हुए मारुति स्टेट स्थित कलाकुंज के श्री महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर पहुंचे।जहाँ भक्तों ने उपाध्याय श्री का पाद प्रक्षालन कर भव्य स्वागत किया।मंदिर पहुंचकर उपाध्याय श्री ससंघ ने सभी प्रतिमाओं के दर्शन किए।इसके बाद श्रावक-श्राविकाओं को गुरुवर की मंगल देशना सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।इस दौरान देवनगर सकल जैन समाज एवं पश्चिमपुरी सकल जैन समाज के पदाधिकारीओं ने उपाध्याय श्री के समक्ष श्रीफल भेंटकर मंगल निवेदन किया और मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।सांय 4:00 बजे उपाध्याय श्री विहसन्तसागर जी महाराज ससंघ का मंगल विहार अवधपुरी कॉलोनी इंद्रप्रकाश जैन के निवास स्थान के लिए हुआ।जहां अवधपुरी सकल जैन समाज ने उपाध्याय श्री ससंघ का स्वागत कियो इसके बाद उपाध्याय श्री की गुरुभक्ति 7:00 बजे से आयोजित की गई।मीडिया प्रभारी शुभम जैन ने बताया कि उपाध्याय श्री विहसन्त सागर जी महाराज ससंघ का 27 सितंबर को प्रातः 6:30 बजे मंगल विहार अवधपुरी से श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 7 बोदला के लिए होगा।इस अवसर पर रविंद्र जैन,आदित्य जैन, अजय जैन,राजीव जैन,विवेक जैन, इंद्रप्रकाश जैन नरेंद्र कुमार जैन,राकेश मीडिया प्रभारी शुभम जैन,पीयूष जैन, दिव्यांशु जैन,रश्मि जैन,कविता जैन करुणा जैन,मंजरी जैन,पुष्पा जैन समस्त कलाकुंज एवं अवधपुरी सकल जैन समाज के लोग बडी.संख्या में मौजूद रहे।

## चर्या शिरोमणि पट्टाचार्य आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के सानिध्य में अतिशय क्षेत्र रत्नात्रय गिरि पावई में होगा पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव



**सोनल जैन. शाबाश इंडिया**

**भिंड।** पावई वार्षिक मेला महोत्सव के पश्चात रत्नात्रय गिरि अतिशय क्षेत्र पावई प्रबंधन समिति के सदस्य चर्या शिरोमणि आचार्य भगवंत108 विशुद्ध सागर जी महाराज को नवनिर्मित मूलनायक नमिनाथ जिनालय के पंचकल्याणक हेतु श्रीफल भैंट कर स्वीकृत ली, चर्चा उपरांत 2026 के प्रारंभ फरवरी-मार्च में पावई अतिशय क्षेत्र पर पंचकल्याणक होगें, ज्ञात हो कि आचार्य भगवंत का चातुर्मास नांदणी( महाराष्ट्र ) में हो रहा है।प्रबंधन कमेटी के आडीटर राजीव जैन ने बताया समिति की ओर से परम संरक्षक प्रमोद जैन डब्बू कार्याध्यक्ष विजय जैन जमसारा कोषाध्यक्ष प्रमोद जैन गप्पू ( सीमेंट) मंत्री मनोज जैन दादा सहमंत्री नरेंद्र जैन 108 पियूष जी पावई संजीव जैन लावन एंव नगर के अनेकानेक गणमान्य नागरिक इस अवसर पर नांदणी में उपस्थित थे।

# मधुबन जैन मंदिर में अहर्म योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज का ससंघ मंगल प्रवेश हुआ





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मधुबन जैन मंदिर में अहर्म योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज का ससंघ मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर मनोरमा देवी, सुनील, कमलेश, अनिल सीमा छाबड़ा परिवार ने मुनिश्री का पाद प्रक्षालन व शास्त्र भेंट की किया। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में बताया की सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, और सम्यक चारित्र, जैन धर्म के त्रिरत्न कहलाते हैं और यह मोक्ष की ओर अग्रसर होने के तीन मुख्य आधार हैं। यदि मनुष्य इन तीनों तत्वों को अपने जीवन में आत्मसात कर लेता है, तो वह मोक्ष मार्ग पर अग्रसर होता है और धर्म के वास्तविक प्रभाव में आ जाता है। इसका मतलब है कि वह अपने जीवन को पवित्र और शांतिपूर्ण बना सकता है और जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त कर सकता है। प्रचार प्रसारमंत्री अर्पित बडजात्या ने बताया कि कार्यक्रम में अक्षय मोदी अनिल छाबड़ा दिलीप कसलीवाल कपूर चंद जैन गौरव छाबड़ा सहित जयपुर शहर की कॉलोनियों ने जैन समाज के पदम बिलाला, राजेंद्र सेठी, सुशील पहाड़िया, मनोज जैन, संजय जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## लखनऊ में गणाचार्य श्री विरागसागर व्यक्तित्व-कृतित्व राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी सम्पन्न

### परम पूज्य मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में आयोजित हुई संगोष्ठी, श्रमण संस्कृति के दैदीप्यमान नक्षत्र थे गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज : मुनि श्री सुप्रभसागर जी



**लखनऊ. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से परम पूज्य मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज, मुनि श्री प्रणतसागर जी महाराज के मङ्गल सान्निध्य में श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सआदतगंज लखनऊ में डॉ श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत के निर्देशन व डॉ सुनील जैन संचय ललितपुर के संयोजकत्व में 21 व 22 सितंबर 2024 को दो दिवसीय गणाचार्य श्री विरागसागर व्यक्तित्व-कृतित्व राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। जिसमें देश के मूर्धन्य मनीषी विद्वानों ने गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज के व्यक्तित्व-कृतित्व पर अपने आलेख प्रस्तुत किए। 21 सितंबर को प्रातः 8 बजे से संगोष्ठी का उदघाटन सत्र किया गया। सर्वप्रथम मंगलाचरण पंडित अनिल शास्त्री सागर ने किया इसके बाद संगोष्ठी में समागत विद्वानों ने आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण व दीप प्रज्वलन किया। संचालन संगोष्ठी के संयोजक डॉ सुनील जैन संचय ललितपुर ने किया किया। सत्र की अध्यक्षता डॉ श्रेयांस कुमार जैन बडौत ने की। सारस्वत अतिथि प्रोफेसर विजय कुमार जैन दिल्ली रहे। चातुर्मास समिति के संजीव जैन ने विद्वानों के लिए स्वागत भाषण किया। इस सत्र में डॉ. शीतल चंद्र जैन जयपुर, डॉ ज्योति जैन खतौली व डॉ. सनत जैन जयपुर ने अपने आलेख प्रस्तुत किए।

## लायंस क्लब कोटा सेंट्रल का योग शिविर आयोजित



**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

कोटा। लायंस क्लब कोटा सेंट्रल के द्वारा फिटनेस प्रोग्राम के अंतर्गत सात दिवसीय योग शिविर लगाया गया। अध्यक्ष मधु ललित बाहेती ने बताया कि वल्लभ नगर के तिकोना पार्क में योग गुरु प्रकाश तापड़िया के सौजन्य से प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक एक सप्ताह का योग शिविर लगाया। कोषाध्यक्ष नीलम तापड़िया ने हड्डियों की मजबूती और शरीर को लचकदार बनाए रखने के लिए योगासन सिखाए। कॉलोनी वासियों ने इस शिविर में योग करके भरपूर लाभ उठाया क्लब की और से सेवा गतिविधि के तहत ये शिविर आयोजित किया गया क्योंकि स्वास्थ्य के लिये योगा आवश्यक हैं।





# समस्या विहीन जिदंगी कर्म के आधीन होती हैं: मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज

राष्ट्रीय अधिवेशन में दिया गया नारी गौरव सम्मान, महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे आकर कार्य करने की आवश्यकता है : शीला डोडिया

## देश का सबसे बड़ा महिला सम्मेलन हो रहा है सागर में : विजय धुर्रा

**सागर. शाबाश इंडिया**

समस्या विहीन जिदंगी कर्म के आधीन होती है कर्म के द्वारा यह जीव ऐसी समस्याओं मे आ जाता हैं कि उसे सोचने का समय ही नहीं मिलता हमारे परम पूज्य गुरुदेव ने एक पद दलित माटी की यात्रा महा काव्य के रूप में लिखी हैं जिसमें पेरों में पड़ी माटी कलश बनकर सुशोभित होती है ऐसे ही नारी को अपनी कुशलता से आगे बढ़ना है नारी एक समस्या हैं उसका भी समाधान किया गया हैं। काटा किसी को लग जायें तो वेदना देता हैं तब दूसरा काटा आता हैं काटा ही काटें को निकालता हैं और अपनी जाति को बदनामी से बचा लेता हैं ।एक काटा दुख देता हैं तो दूसरा काटा उस समस्या का समाधान कर देता हैं ।ऐसे ही कभी सास बहू कभी ननंद बहूं ये एक दूसरे के पूरक बनकर सहयोगी बने किसी की निदां से समस्या का समाधान नहीं होगा। डडें के बल पर आप समस्या को रोक तो सकते है खत्म नहीं कर सकते।जिस काटे से समस्या आती हैं उस को निकाल कर फेकने मे ही हम स्थाई समाधान प्राप्त कर काटे जाति का सम्मान करा देता हैं ऐसे ही नारी को नारी के सम्मान में आगे आना चाहिए उक्त आश्य केउद्गार भाग्योदय तीर्थ सागर में 29वे राष्ट्रीय महिला अधिवेशन को संबोधित करते हुए परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज ने व्यक्त किए।इसके पहले महिला महा समिति द्वारा संगीत नृत्य के साथ मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया।इसके बाद मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सन् उन्नीस सो छयानवे में पहली बार जयपुर में शीला डोडिया जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय अधिवेशन की शुरूआत हुई थी जो आज विशाल भव्य रूप ले चुकी है।आज उत्तर से दक्षिण पूर्व से पश्चिम देशभर की महिला शक्ति परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में कुछ नया करने जा रही है ये देश का सबसे बड़ा महिला जैन समाज का सम्मेलन हो रहा है। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला डोडिया ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद और उनकी छत्रछाया में हम सब महिलाएं समाज सेवा धर्म संस्कृतिक के क्षेत्र में निरन्तर बढ़ रहे हैं आज भारत के प्रत्येक कोने से पधारी मेरी बहनो का आत्मिय अभिन्दन है हम सब को सांस्कृतिक धार्मिक क्षेत्र में अभी बहुत आगे बढ़ना है राष्ट्रीय महासचिव इन्दू गांधी ने कहा कि हम सब ने सगंठन के निचले पायदान से काम करना शुरू किया और आज इस मंच तक पहुंचे हैं आप भी एक दिन इस मंच को शेयर करेंगे इसके लिए आपको सभी को लगन से काम करना होगा। शालिनी बाकलीवाल ने कहा कि आज हम देशभर में विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही महिलाओं को सम्मानित करने जा रहे हैं । **नारी गौरव सम्मान से आशा रानी पंड्या सहित अन्य को किया सम्मानित:** राष्ट्रीय अधिवेशन में परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी के समक्ष अमेरिका में व्यावसायिक स्थल बनाने वाली श्रीमति आशारानी पांड्या, व्रती श्राविका श्रीमति सुशीला पाटनी आर के मार्वल, शिक्षाविद् सुर्यकांता अजमेर, श्रीमति मंजू गोधा गुवाहाटी, श्रीमति तारिका पाटनी उदयपुर, वंडर सीमेंट श्रीमति शंकू चांदवाड, श्रीमति कुसुम पडाया सहित अन्य विशेष नेत्रीयो को नारी गौरव सम्मान प्रशस्ति पत्र शॉल श्री फल से सम्मानित किया गया ।





# भगवान की नजर से मत उतरना, संसार की नजरों की परवाह मत करो: राजन महाराज

## जीवन में आनंदपूर्वक रहने का हो गया स्वभाव तो महसूस नहीं होगा कभी अभाव

**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

जब भगवान हमारे साथ हो तो फिर चिंता की कोई बात नहीं हो सकती। जीवन में भगवान की नजर से कभी मत उतरना भले संसार की नजर में कैसे भी हो जाओ। भगवान की नजर में बने रहे तो जीवन धन्य हो जाएगा। नींद से जाग जाओ ओर याद रखो ये संसार मुसाफिरखाना है ओर एक दिन छोड़ इस भव से जाना है। ये विचार ख्यातनाम कथावाचक पूज्य राजन महाराज ने श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर ट्रस्ट एवं श्री रामकथा सेवा समिति भीलवाड़ा के तत्वावधान में नगर निगम के चित्रकूटधाम में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा महोत्सव के छठे दिन कथावाचन के दौरान व्यक्त किए। संकटमोचन हनुमान मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में आयोजित कथा में छठे दिन अयोध्या कांड के तहत राम के वनागमन व राम केवट संवाद आदि प्रसंगों का वाचन किया गया। रामकथा श्रवण करने के लिए भक्तगण इस तरह उमड़ रहे है कि विशाल डोम भी छोटा पड़ रहा ओर जिसे जहां जगह मिल रही वहीं बैठ भक्तिभाव से कथाश्रवण कर रहा है। व्यास पीठ पर विराजित राजन महाराज ने कहा कि जिसके साथ जीवन भर सम्बन्ध बनाए रखना चाहते है उसकी निंदा सुनना बंद कर दो। जीवन में हम न कोई सुख देता है न कोई दुःख देता है। हम अपने कर्म से सुखी ओर दुःखी होते है। हम अपनी संतान से आशा रखते है इसीलिए दुःखी होते है। सपने देखना ही हमारे सुख दुःख का कारण है। सपना पूरा हो गया तो खुशी ओर अधूरा रह गया तो दुःख होता है। उन्होंने कहा कि जिसने अपनी जवानी को साध लिया उसका बुढ़ापा सुधर जाता है। जीवन में कोई समस्या नहीं आ रही तो समझ लेना गलत मार्ग पर चल रहे है। सही मार्ग पर चलेंगे तो रूकावटे भी आएगी। इन रूकावटो को पार करते हुए कैसे आगे बढ़े यह भगवान शंकर से सीख सकते है। मन से भगवान की शरण में ओर शरीर से जगत का व्यवहार करते रहिए। राजन महाराज ने कहा कि मन पर मैल जम जाए तो भगवान नहीं दिखाई देते है। जीवन में आनंदपूर्वक रहने का स्वभाव हो जाए तो अभाव में भी आनंद से जी सकते है ओर रोने



का स्वभाव हो जाए तो बैकुण्ठ में भी आनंद नहीं आएगा। जब समस्या का समाधान हमारे हाथ में हो तो फिर क्यो रोना ओर जब समस्या का समाधान हमारे हाथ में नही तो फिर क्यो रोना, इसलिए केवल प्रभु भक्ति करते हुए स्वयं को उसके हवाले कर दे। कथा के दौरान मंच पर निरंजनी अखाड़ा हरिद्वार से पधारे पूज्य संत आलोकगिरीजी महाराज, रविगिरीजी महाराज, निम्बार्क आश्रम भीलवाड़ा के महन्त मोहनशरण शास्त्री सहित कई पूज्य संत-महात्मा आदि भी विराजित थे।




# श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ जयपुर की श्रीमहावीरजी के लिए पदयात्रा आज

## संघीजी की नसियां खानियांजी जयपुर से श्री महावीर जी की 38 वीं पदयात्रा आज, 27 सितम्बर को जयपुर से रवाना होगी पदयात्रा में महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल होंगी...



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाणोत्सव वर्ष में भगवान महावीर के सिद्धांत जीओ और जीने दो सहित विश्व शांति का संदेश देने, अहिंसा, शाकाहार का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ, जयपुर के तत्वावधान में जयपुर से श्री महावीर जी की 38 वीं पदयात्रा संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन एवं पदयात्रा के संयोजक भाग चन्द गोधा के नेतृत्व में शुक्रवार 27 सितम्बर को आगरा रोड पर खानिया स्थित संघीजी की नसिया से रवाना होगी। पदयात्रा में महिलाऐ भी बड़ी संख्या में शामिल होगी। प्रचार प्रभारी विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक शुक्रवार 27 सितम्बर को दोपहर 3.00 बजे संघीजी की नसियां खानियांजी जयपुर से प्रस्थान करने वाली इस पदयात्रा को समाजश्रेष्ठी अनिल जैन बनेठा एवं युवा समाजसेवी सुशील जैन कोटखावदा जैन ध्वज दिखाकर रवाना करेंगे। इससे पूर्व पदयात्रा का बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन भट्टारक जी की नसियां में दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष एडवोकेट सुधान्शु कासलीवाल ने किया। संरक्षक सुभाष चन्द जैन के मुताबिक पदयात्रा मार्ग में विभिन्न धार्मिक आयोजन किये जायेंगे। पदयात्रा 28 सितम्बर को मोहनपुरा पहुचेगी जहां अभिषेक, शांतिधारा, सामूहिक पूजा के बाद धार्मिक प्रश्न मंच का आयोजन किया जाएगा। रात्री में भण्डाना में अरिहंत फिटनेस सेन्टर पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें इंदौर के अतुल ज्वाला, मालपुरा के सूरत अजनबी एवं नीमच की डॉ प्रेरणा ठाकरे कविता पाठ करेंगे। जैन के मुताबिक पदयात्रा 29 सितम्बर को दौसा पहुचेगी। 30 सितम्बर को सिकन्दरा,01 अक्टूबर को गुढ़ाचंद्रजी,नादौती होते हुए बुधवार,02 अक्टूबर को श्री महावीर जी पहुंचेगी । जहां विशाल जूलूस के साथ पदयात्री भगवान महावीर के सामूहिक दर्शन करेंगे। दोपहर 2.00 बजे पदयात्री सम्मान समारोह होगा। सायंकाल महाआरती एवं भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा। संयोजक भाग चन्द गोधा ने बताया कि गुरुवार, 03 अक्टूबर को प्रातः संगीतमय शांति विधान पूजा का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 1.00 बजे पदयात्री बसों द्वारा जयपुर के लिए रवाना होंगे। पदयात्रा समापन पर श्री महावीरजी से जयपुर आने के लिए संघ की ओर से बसों की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। जैन के मुताबिक पदयात्रा के दौरान धार्मिक प्रश्न मंच, कवि सम्मेलन, मेरा भारत महान हाऊजी, धार्मिक ज्ञान प्रकाश प्रतियोगिता आदि विशेष आयोजन किए जाएंगे। संरक्षक सुभाष चन्द जैन के मुताबिक पदयात्रा के लिए ब्रह्मपुरी निवासी भाग चन्द गोधा को संयोजक तथा सुशील जैन ,महेश जैन, दिनेश पाटनी,सोभाग मल जैन, श्रीमती कुसुम सेठी, राजेश शाह, मोना जैन, सुमित जैन को जयपुर महानगर से सह संयोजक बनाया गया है।




# लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल द्वारा कैंसर जागरूकता रैली आयोजित




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल द्वारा प्रान्त द्वारा आयोजित केंसर जागरूकता अभियान के तहत जवाहर सर्किल से प्रेम निकेतन हॉस्पिटल तक विभिन्न श्लोगन लिखी हुई तख्तियां लेकर एक रैली का आयोजन किया गया। जिसमे क्लब की सदस्याओं के साथ साथ प्रेम निकेतन हॉस्पिटल की डॉ.आशा, डॉ. नीलू टांक व डॉक्टर मोनिका व डॉ. शिप्रा ने भी शिरकत की। डॉ. शिप्रा ने कैंसर से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी व बच्चो को बचाव सम्बन्धी सलाह दी। क्लब की जोन चेयरपर्सन लॉयन महादेवी आर्य ने लायंस क्लब के बारे में सभी को जानकारी दी, व विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्य करने सम्बंधित जानकारी दी। उक्त रैली में, क्लब की जोन चेयरपर्सन महादेवी, अध्यक्ष सुमित्रा गोलियां, सचिव राधा रानी,कोषाध्यक्ष नीता, विजिया कोठारी, रानी पाटनी, मृदुला जैन, संजय लाता बज, स्नेह लता जैन, सरोज रुंगटा, सुजाता स्वर्ण कार, आशा जैन, व अन्य कई महिलाएं उपस्थित हुई।



# रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ द्वारा विशाल डांडिया और फैशन शो का आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ द्वारा 13 अक्टूबर को एक विशेष आयोजन के तहत डांडिया और फैशन शो का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की तैयारियों के संदर्भ में आज जवाहर कला केंद्र में एक अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्लब के बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया और कार्यक्रम से संबंधित अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। क्लब के अध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि 13 तारीख को होने वाले इस विशाल डांडिया कार्यक्रम में लगभग 50 संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। इसके साथ साथ ही, कार्यक्रम में फैशन शो का भी आयोजन किया जाएगा, जो इस विशेष आयोजन को और भी आकर्षक बनाएगा। सभी सदस्य इस कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं ताकि इसे सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सके। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल मनोरंजन करना है, बल्कि समाज में सद्भाव और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देना है। क्लब के सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर व्यवस्था बेहतरीन हो।




## तीन दिवसीय इन्फ्रा मेडि एक्सपो एवं सिंपोजियम शुरू, सांसद मन्नालाल रावत ने किया शुभारंभ



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** विजुअल मैथ्स संस्था द्वारा भूपाल नोबल्स कॉलेज इनडोर स्टेडियम में तीन दिवसीय इंफ्रा मेडी एक्सपो एवं सिंपोजियम एग्जीबिशन का शुभारंभ सांसद मन्नालाल रावत ने गुरुवार को फीता काट एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर रावत ने कहा कि इस आयोजन में डीआरडीओ जैसे केन्द्रीय विभाग की भागीदारी से किये जा रहे विकास के बारे में आमजन को महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। वहीं, विशिष्ठ अतिथि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय कुलपति सुनीता मिश्रा व आईसीएमआर के रजनीकांत ने कहा कि इस प्रदर्शनी से विशेष रूप से धरतीपुत्रों को कृषि क्षेत्र में आधुनिकता और नवाचार की जानकारियां हासिल होगी तो युवा विद्यार्थियों में इस क्षेत्र में रुझान बढ़ेगा। विजुअल मैथ्स निदेशक मीतू पाल गुप्ता ने सेवाश्रम पुलिया स्थित होटल फर्न में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि इस प्रदर्शनी में सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाएं अपने उत्पादों एवं विभिन्न मॉडल का प्रदर्शन कर रही है। पहले ही दिन इस प्रदर्शनी में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं की भीड़ ने स्टॉल्स पर जाकर नई-नई जानकारियां प्राप्त की।

**रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

# श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर,चौमू बाग, सांगानेर मे दीक्षार्थी बन्धुओं की गोद भराई का कार्यक्रम साआनन्द सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

शकंर लाल जैन-विरासत-कमला नगर,सांगानेर के पिताजी पन्ना लाल जी जैन और रतन लाल जी सोनी-बिजोलिया की दीक्षा दिनांक 13/10/24 को आचार्य सुनील सागर जी महाराज के पावन मगंल सानिध्य मे मदनगंज किशनगढं मे होने जा रही है। इसी क्रम मे सकल दिगम्बर जैन समाज, चौमू बाग सांगानेर के लिए परम सौभाग्य का विषय था कि दो दीक्षाथीयों की गोद भराई के कार्यक्रम का सोभाग्य दिनांक 25/09/24 वार- बुधवार को बड़ी संख्या में उपस्थिती श्रावको के सानिध्य मे प्राप्त हुआ। दीक्षार्थीयों का आप सभी सम्मानीय परिवार जन की सादर उपस्थिती मे बग्गी पर बिठाकर जूलुस से कालोनी मे भ्रमण कराया गया। कालोनी मे सभी ने अपने घर के सामने दीक्षार्थी



बन्धुओ की गोद भराई की गई ।कालोनी के भ्रमण करने के बाद दीक्षार्थी बन्धुओ की गोद भराई का कार्यक्रम सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से प्रबंध कार्यकारिणी समिति और महिला मण्डल की ओर से जिनालय के तलघर मे भी सभी सम्मानीय महानुभाव परिवार जन के समक्ष कर पुण्यार्जन किया। समिति के मन्त्री- पारस मल जैन ( सौगानी ) ने बताया कि गोद भराई के कार्यक्रम के समय प्रेम चन्द बडजात्या,लाल चन्द जैन,अशोक कुमार छाबडा-बान्दीकुई, महेन्द्र कुमार - जैन,मुकेश कुमार मोठया,आशीष पाटनी,बाबू लाल लुहाड्यिा-रेनवाल,राज कुमार गोधा,अनिल कुमार भोंच,चेतन जी,जिनेंद्र कुमार, राहुल,जैन गणमान्य महानुभाव उपस्थित थे। इसके अलावा दीक्षार्थी बन्धु के सम्मानीय परिवार जन मनोहरी देवी, विमल, कमल, शकंर लाल,सतीश जैन,समस्त धमाना वाले परिवार वालो ने उपस्थित होकर गोद भराई कर धर्म लाभ अर्जित किया। संघी जी मंदिर सांगानेर में भी हुई गोद भराई। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर संघी जी सांगानेर में भी दिक्षार्थियो की गोद भराई का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर सयोजक नरेंद्र बज व मंत्री नरेंद्र पांड्या ने बताया कि प्रातः मुलनायक आदिनाथ भगवान के अभिषेक के पश्चात दिक्षार्थियों की गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिवार जनों के साथ साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।